वर्ष-01, अंक-182
छपरा
रविवार 5 मई 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# पूर्व विधायक रणधीर सिंह का राजद से इस्तीफा

## 14 मई को जदयू में शामिल होंगे, पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के बेटे हैं; कहा-राजद ने धोखा दिया

**छपरा,एजेन्सी।** सारण में पूर्व विधायक और महराजगंज लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी रणधीर सिंह ने राजद से इस्तीफा देते हुए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। शहर के एक रेस्टोरेंट में पीसी के दौरान घोषणा की है। साथ ही उन्होंने बताया कि 14 मई को अपने सात हजार समर्थकों के साथ जद(यू) को जॉइन करेंगे।

जदयू जॉइन करने के बाद एनडीए के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। साथ ही परिवार के सक्रिय राजनीति लोग भी जदयू जॉइन करेंगे। राजद के खिलाफ वादाखिलाफी करने और धोखा देने का आरोप लगाया। रणधीर सिंह ने बताया कि लालू और तेजस्वी के कहने पर लगातार गांव गांव और टोला टोला में राजद के झंडा लेकर घूमने का काम किया। यह सीट कांग्रेस के खाते में दे दी गई। यह वास्तविकता है कि कांग्रेस के पास न उस दिन कोई प्रत्याशी था न आज कोई प्रत्याशी है।

कहा कि जिसे महराजगंज में लाया गया वो महराजगंज के लायक प्रत्याशी नहीं है। अब समझ आया है कि लालू यादव को अपनी बेटी से सारण का चुनाव लड़ाना था। भूमिहार जाती को टारगेट करते हुए कांग्रेस को सीट दे दी। मेरे साथ साजिश करके मेरा टिकट काटा गया। 6 मई को मेरे नामांकन का तारीख तय हुआ था। अब नामांकन नहीं होगा। मैंने राजद और महागठबंधन को समाप्त करने के लिए यह फैसला लिया है। सारण प्रमंडल सहित पूरे बिहार में घूम घूम कर राजद के ख़िलाफ़ प्रचार करूंगा। आगामी विधानसभा में सारण प्रमंडल से राजद शून्य कर देने का लक्ष्य रखा हूं।

कहा कि सारण जिला के कुछ ऐसे नेता हैं जो जाति का नाम लेकर गाली देते हैं, लेकिन राजद में रहते हुए महागठबंधन धर्म का पालन कर मैं चाह कर भी कुछ बोल नहीं पाता था। वैसे लोगो को मैं मीडिया के माध्यम से बता देना चाहता हूं कि अब स्वतंत्र हो चुके हैं। जो जिस भाषा में समझेगा हम उस भाषा मे समझाने का काम करेंगे।

रणधीर सिंह ने कहा कि विधान पार्षद की पहल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मुलाकात हो गई है। आगामी 14 मई को पटना के जदयू कार्यालय में अपने 7 हजार समर्थकों के साथ जदयू पार्टी का सदस्यता लूंगा। जदयू मेरी पसंदीदा पार्टी रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के बाद एनडीए के सभी प्रत्याशियों के मदद के लिए चुनाव प्रचार करूंगा।

# कोई 9 बच्चे भी पैदा करता है क्या:मुंगेर में बिना नाम लिए नीतीश का लालू पर निशाना

## कहा-पहले खुद राज किया फिर पत्नी ने

**मुंगेर,एजेन्सी ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुंगेर के हवेली खड़गपुर के खंडबिहारी मैदान में सभा की। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। सीएम ने कहा कि सत्ता मिली तो पहले पति ने राज किया फिर पत्नी को कुर्सी पर बैठा दिया। अब बेटा-बेटी को आगे बढ़ा रहे है। इसके लिए नौ बच्चा पैदा किए है, बताइए इतना कोई करता है। यह लोग सिर्फ अपने परिवार को बढ़ाने के लिए काम करते है।

**अब कहीं नहीं जाएंगे...बीजेपी में ही रहेंगे :** सीएम ने आगे कहा कि कोई जेल से आया और उसके परिवार को टिकट दे दिया। इन लोगों का काम ही यही है। हम भी दो बार इधर से उधर हुए, लेकिन अब कहीं नहीं जाएंगे और बीजेपी के साथ ही रहेंगे। वह लोग तो जाति आधारित जनगणना कराने से मना भी कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने मुंगेर में हुए विकास काम को भी गिनाया।

सीएम ने एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह के समर्थन में लोगों से वोट देने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हमें आप लोगों ने मौका दिया, हमने बिहार को परिवार मानकर लगातार काम करके दिखाया।





सभा में एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। राजद के जंगलराज की याद दिलाई और अपने काम को गिनाया। उन्होंने कहा कि हम आपके सांसद है और जो काम मैंने किया है आज उसकी मजदूरी देने का दिन आ गया है। बता दे कि सभा में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी लोगों को एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

**इससे पहले सफियासराय मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया था :** नीतीश कुमार लगातार अति पिछड़ा वोट बैंक को एकजुट कर एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 26 अप्रैल को सफियासराय मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया था।

# दिल्ली-महाराष्ट्र से इंडी वालों ने बिहारियों को भगाया

## दरभंगा में पीएम बोले-देश में दो शहजादे, एक ने देश, दूसरे ने बिहार को जागीर समझा है

**दरभंगा,एजेन्सी।** दरभंगा में शनिवार को पीएम मोदी ने बीजेपी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। 26 मिनट के भाषण में पीएम ने कांग्रेस और लालू परिवार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा राजा जनक, सीता मैया के पावन मिथिला भूमि के नमन करए छी। मोदी ने भारत माता की जय और जय श्री राम भी कहा। उन्होंने कहा कि 500 साल के इंतजार को परिपूर्ण कर अयोध्या में



भगवान राम का मंदिर बना है।

**बिहार के लोगों को दिल्ली-महाराष्ट्र से भगा दिया था :** पीएम ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान दिल्ली और महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन की सरकार थी। इन लोगों ने बिहार के लोगों को वहां से भगा दिया। आज वही लोग आपसे वोट मांगने आ रहे है। क्या आप उन्हें माफ करेंगे?

**दिल्ली और बिहार के शाहजादे की रिपोर्ट कार्ड एक जैसे :** उन्होंने कहा, जैसे दिल्ली में एक शहजादे हैं। वैसे ही बिहार में भी एक शहजादे हैं। एक ने देश तो एक ने बिहार को जागीर समझा है। दोनों के रिपोर्ट कार्ड एक जैसे हैं। इनके रिपोर्ट कार्ड में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं है। लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, बिहार के शहजादे के पिता जी ने मुस्लिमों को आरक्षण में से कोटा निकालने की बात कही थी।

**एक महीने के अंदर पीएम मोदी का 5वां बिहार दौरा :** मंच पर एनडीए नेताओं के साथ सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान दरभंगा के साथ-साथ झंझारपुर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, उजियारपुर की सीट को भी साधने की कोशिश की।

इससे पहले लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में इसी मैदान में पीएम की सभा हुई थी। एक महीने के अंदर पीएम मोदी का 5वां बिहार दौरा है।

**तेजस्वी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना :** इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पीएम मोदी के दरभंगा दौरे पर निशाना साधा है। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा था कि AIIMS चालू हो चुका है। आज प्रधानमंत्री खुद आकर देख लें कि क्या स्थिति है।

पीएम ने मंच से हाथ हिला कर दरभंगा के लोगों का अभिनंदन किया। फिर मैथिली में अपना संबोधन शुरू किया।

## भागवत कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**हसनपुरा (सिवान)** ~प्रखंड के महुवल महाल में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का तृतीय दिन शनिवार को वृंदावन से पधारे कथावाचक प्रमोद कृष्ण दास महाराज ने भगवान शुकदेव के भावपूर्ण चरित्र सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज ने शुकदेव के जन्म कथा के साथ उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सामान्यत~सभी लोग शुकदेव जी को तोता समझते हैं, किंतु वास्तव में शुकदेव चरित्र किसी तोता का अपितु एक जीव आत्मा का चरित्र है। शुकदेव जी का नाम शुकदेव इसलिए है, क्योंकि वह तोते के एक गुण से युक्त हैं जो कि शास्त्रों का यथावत प्रवचन करना है। जैसे तोता जो सुनता है वही बोलता है। इसी प्रकार शुकदेव जी शास्त्री में होकर हेर फेर नहीं करते थे। महाराज ने शुकदेव को 12 वर्ष गर्भ में रहने का रहस्य बताते हुए कहा कि वह एक समर्थ का समय था, क्योंकि यदि कोई सामान्य व्यक्ति भी 12 वर्ष तक एक ही नियम को अपना ले तो वह नियम 12 वर्ष में सिद्ध हो जाता है। कथा के अंतर्गत मधुर झांकियां को प्रस्तुत की गई जिसे देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विवाहिता की मौत मामले में आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के सराय पड़ौली पंचायत के पनियाडीह गांव में एक मई को संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के कमरे उसे उसका शव बरामद पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दी थी।

मृतका की पहचान अमोद सिंह की पत्नी ममता देवी के रूप में हुई थी। इस घटना के बाद गांव में तरह- तरह की चर्चा शुरू हो गई थी। इस मामले में मृतका की मां सारण के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी उर्मिला देवी ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर मृतका के पति समेत छह लोगों पर पुत्री की गला दबाकर हत्या करने की प्राथमिकी कराई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है। प्राथमिकी के बाद सभी आरोपित फरार बताए जाते हैं।

## सड़क किनारे झाड़ी में लगी आग, कई पेड़ झुलसे

हुसैनगंज (सिवान) ~थाना क्षेत्र के सिवान-आंदर मुख्य मार्ग पर बली मोड़ और सरेयां चट्टी के बीच शुक्रवार की देर शाम सड़क किनारे झाड़ी में अचानक आग लग गई। इससे वन विभाग द्वारा लगाए गए शीशम, खजूर समेत विभिन्न प्रकार के दर्जनों हरे पेड़ झुलस गए। इसके अलावा दर्जनों शीशम के सूखे पेड़ भी जल गए। आग लगने की कारणों का पता नहीं चल सका है। अगलगी की घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

## पुरानी रंजिश को ले हुई मारपीट मामले में छह के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के रफीपुर में 27 अप्रैल को हुई मारपीट मामले में गांव के ही बबलू पटेल ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि 27 अप्रैल की रात मेरे घर छठियार कार्यक्रम था। इस दौरान लोगों को भोजन कराया जा रहा था तभी गांव के तारकेश्वर राम, कृष्णा राम, संजय राम, विकास राम, शैलेंद्र राम, सचिन राम एवं 20 से 25 अज्ञात लोग एकजुट होकर आए और लाठी-डंडे व फरसा व तलवार से हमला कर घायल कर दिए। इस घटना में राजेश सोनी एवं नवीन पटेल समेत पांच लोग घायल हो गए थे। हमलावरों ने राजेश सोनी के सोने की अंगूठी एवं चेन छीन ली थी। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि छह लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत मामले में आठवें दिन भी प्राथमिकी नहीं

**हुसैनगंज (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के गोपालपुर चिउरा मिल के समीप सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग एसएच 89 पर 27 अप्रैल की रात्रि ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक दिलदार गुप्ता की मौत हो गई थी। घटना के आठ दिन बाद भी थाना में प्राथमिकी नहीं हुई है। इस मामले में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि मृतक के स्वजन द्वारा अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।ज्ञात हो कि मृतक दिलदार गुप्ता मूलरूप से रघुनाथपुर निवासी था, वह बचपन से गोपालपुर स्थित अपने मामा छठू साह के घर रहकर सब्जी बेचने का कार्य करता था। वह 27 अप्रैल की रात की चिउरा मिल स्थित जूस की दुकान पर जूस पी रहा था। तभी सिवान की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गया। स्वजन उसे इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई थी।



# नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए भटक रहा छात्र

**दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के नगवा गांव का एक आठवीं पास छात्र नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए प्रमाण पत्र लेकर भटक रहा है। इसी क्रम में वह जब बीआरसी कार्यालय दरियापुर पहुंच अपनी समस्या प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के समक्ष रखी, तो उन्होंने कहा की विभाग का यह आदेश है की जो जिस पंचायत से जुड़ा है उसका नामांकन उसी पंचायत में होगा। इस स्थिति में हमलोग कुछ नहीं कर सकते है। सबसे बड़ी समस्या यह है की जो छात्र नामांकन के लिए नगवां गांव से इस तेज धूप में बीआरसी पहुंचा और वह पिरारी गांव में अपनी फुआ के पास रहकर आठवीं की पढ़ाई पूरा किया। वहां से, प्रमाण पत्र लेकर अपने गृह पंचायत मुजौना पहुंचा जहां नामांकन नही लिया जा रहा है। क्योंकि उसका प्रमाण पत्र पिरारी पंचायत के एक स्कूल का है। वह बीपीएल परिवार से जुड़ा निहायत ही आर्थिक रूप से कमजोर है। उसकी हालात को देखकर ही फूआ अपने पास रखकर आठवीं तक पढ़ाई पूरा कराई। अब नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए दर दर भटक रहा है। क्योंकि, उसका गृह पंचायत मुजौना है वहां पिरारी पंचायत का प्रमाण पत्र पर नामांकन नहीं हो रहा है ।इस तरह की एक नहीं सैकड़ों छात्र छात्रा नामांकन के लिए भटक रहे है। एक गांव पुरदिलपुर है ठीक उस गांव के सामने महज एक किलोमीटर के दायरे के भीतर प्लस टू स्कूल है। लेकिन, इस गांव के बच्चे का नामांकन इस लिए नहीं होगा क्योंकि स्कूल विश्वंभर पुर पंचायत में है और पुरदिलपुर खानपुर पंचायत का एक गांव है ।इस गांव से प्लस टू स्कूल करीब सात किलोमीटर दूर है। यहां के दर्जनों बच्चों का भविष्य चौपट नजर आ रहा है । लड़का तो किसी तरह चले भी जायेंगे लेकिन लड़कियां जिसे वहां से खानपुर जाने में करीब तीन से चार किलोमीटर सुनसान चंवर रोड है। कोई, घटना दुर्घटना हो, जाए तो कौन जिम्मेवार होगा? इस संबंध बीईओ नीरज चौधरी ने बताया कि विभाग के आदेश है की जो जिस पंचायत से जुड़ा छात्र छात्राएं है। उसी पंचायत के प्लस टू स्कूल में नामांकन कराना है।






# मशरक थाना में लगा जनता दरबार, दो नये मामले दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में शनिवार को भूमी संबधी विवादों के निपटारे को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में सीओ सुमंत कुमार , बड़ा बाबू रवि कुमार और थाना पुलिस मौजूद रहीं। मौके पर सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि जनता दरबार में दो नया मामला दर्ज कराया गया जिसे जांच के लिए रजिस्टर्ड कर लिया गया वहीं एक मामला पहले से लंबित था जिस पर सुनवाई की गयी जिसका निपटारा अगले जनता दरबार में किया जाएगा।

# नैक से मूल्यांकन कराने हेतु रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के सभागार में कॉलेज के सचिव ई जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में ÷नैक÷ से मूल्यांकन कराने के संदर्भ में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एनएएसी के 7 पैरामीटर पर चर्चा करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार पांडेय ने सभी आवश्यक मापदंण्डों पर सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। तत्पश्चात प्रमुख विभागों के दायित्वों का बंटवारा किया गया। वहीं एक सप्ताह के अंदर विभाग से संबंधित क्रियाकलापों की समीक्षा करने की बात कही गई। जिससे ÷नैक÷ मूल्यांकन समय से कराया जा सके।बैठक में शामिल मुख्य रूप से डॉ अमित सिंह, प्रो उमाशंकर सिंह, अजित कुमार, प्रवीण कुमार, अनुप कुमार, राहुल कुमार, हरीशंकर सिंह आदि ने एनएएसी मूल्यांकन कराने के प्रति उत्साह दिखाया।

## सारण में स्करूटनी के दौरान दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद्द

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** शनिवार को 20-सारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये आज नामांकन पत्रों की स्करूटनी सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्वाची पदाधिकारी द्वारा की गई। स्करूटनी में निम्नलिखित दो प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द किया गया। नामांकन रद्द वाले प्रत्याशियों में (1) राकेश कुमार पांडे - निर्दलीय एवं (2) अमर प्रसाद - भारत जन जागरण दल का नाम दर्शाया गया है। दो प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द होने के उपरांत अब 15 विधिमान्य प्रत्याशी रह गये हैं। बता दें कि सारण संसदीय क्षेत्र में 20 मई को मतदान हैं। जहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी एवं राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्या के बिच हैं। वही पूर्व भाजपा विधायक शत्रुघ्न तिवारी भी बागी होकर मैदान में उतरे हैं।

# महाराजगंज लोकसभा के लिए सिग्रीवाल समेत चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** 19-महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए शनिवार को कुल चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में महाराजगंज के निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भारतीय जनता पार्टी से अपना नामांकन किया। वहीं साबीर खान- आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), अहमद हुसैन अंसारी - वाजिव अधिकार पार्टी व नयन प्रसाद ने भारत का किसान मजदूर पार्टी से अपना नामांकन दाखिल किया।



# समाज के एक सजग प्रहरी थे पुनीत बाबू- अम्बिका राय

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के पैगामित्रसेन पंचायत के पूर्व मुखिया पुनीत राय की 20 वीं पुण्यतिथि भेल्दी में मनाई गई।कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत भेल्दी बाजार स्थित पुनीत बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहा कि पुनीत बाबू गरीबों,पीड़ितों व किसानों के आवाज थे।वे भारत माता के मंदिर के एक सच्चे पुजारी थे।वे आजीवन समाज की सेवा में लगे रहे।आज युवा पीढ़ियों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य रामप्रवेश पंडित,पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव,एचएम अजीत कुमार पाण्डेय,शिक्षक राजेन्द्र राय,सुरेश रंजन,रामजीनिश सिंह,नवीन कुमार,डा.नागेंद्र शर्मा,वकील राय,बसंत सिंह,मुन्द्रिका राम,डा.छोटू कुमार साह,महेश प्रसाद यादव,चुन्नु कुमार,मुन्ना कुमार राय,अकलू राय,वीरेन्द्र राय,धर्मेन्द्र गिरि,राजेन्द्र राय,रिषभ सिंह आदि उपस्थित थे।



## जमीन विवाद को लेकर दो भाईयो मे मारपीट , आधा दर्जन घायल

**पानापुर( सारण)** थाना क्षेत्र के चकिया गांव में शनिवार दोपहर जमीन के हिस्सेदारी को लेकर दो सहोदर भाईयों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षो की ओर से पांच लोग घायल हो गए सभी घायलो को उपचार सीएचसी में किया गया। चकिया गांव निवासी देवेंद्र सिंह एवं जितेंद्र सिंह सहोदर भाई है। दोनों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर झगड़ा झंझट होते रहता शनिवार को यही विवाद गंभीर रूप धारण कर लिया एवं दोनों भाईयों के बीच आपस में मारपीट होने लगी। जिसके बाद उनके बाल बच्चे व महिलाएं भी इस मारपीट में शामिल हो गई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष देवेंद्र सिंह एवं उनका पुत्र रंधीर कुमार एवं दूसरे पक्ष से जितेंद्र सिंह एवं उनकी पत्नी बबीता देवी एवं पुत्री जिया कुमारी घायल हो गई। सभी घायलो को उपचार के लिए जहां सीएचसी लया गया। घटना को लेकर दोनों पक्षो द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## चोरी की दो बाइक बरामद

**माँझी(सारण)।** माँझी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गाँव से चोरी की दो बाइक को बरामद कर उसे जब्त कर लिया है। माँझी थाने में पदस्थापित एएसआई प्रवीण कुमार के बयान पर इस सम्बंध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में यह कहा गया है कि चोरी की दोनों बाइक क्रमशः स्पलेंडर एवम रॉयल एनफील्ड दुर्गापुर निवासी राजेन्द्र सिंह के पुत्र अमरेन्द्र सिंह उर्फ विशाल सिंह ने अपने घर में छुपाकर रखी थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान नामजद आरोपी अपने घर के पिछले दरवाजे से भाग निकलने में सफल रहा। जब्त दोनों बाइक के मालिक की तहकीकात करने के साथ साथ आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

## धारदार हथियार से सिर पर हमला कर महिला की हत्या

**एकमा (सारण)।** शनिवार को एकमा थाना क्षेत्र के गंगवा गांव में एक वृद्ध महिला की धारदार हथियार से सिर पर हमला कर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान शिवपति कुंवर (65) पति- स्व. परमा महतो निवासी गंगवा, थाना- एकमा, जिला- सारण के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या आपसी विवाद में उनके ही गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा उनके घर के पास धारदार हथियार से सिर पर मारकर कर दी गयी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एकमा थाना पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर घटना की जांच की गई व शव को पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया गया। इस संबन्ध में प्राथमिकी दर्ज कर घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर गिरफ़्तारी हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत नई पहल किट का किया वितरण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जनसंख्या स्थिरीकरण एवं सीमित परिवार के प्रोत्साहन के के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से नई पहल किट का वितरण आशा कार्यकर्ताओं को किया गया। आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषक क्षेत्र में नव विवाहित दंपतियों को नई पहल किट का वितरण कर परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण तथा 2 बच्चों तक परिवार सीमित रखने के लिए किट का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि नई पहल किट में एक जूट बैग, विवाह पंजीकरण फार्म, जागरूकता पेंपलेट, एक छोटा बैग, तौलिया, कंघी, बिंदी, नेलकटर, दो सेट रूमाल व एक छोटा शीशा शामिल होगा। इसके अतिरिक्त बैग में गर्भ निरोधक गोलियां एवं प्रेग्नेंसी जांच किट भी शामिल है। जिससे गर्भ निरोधक संसाधनों के उपयोग को लेकर जागरुकता बढेगी। साथ ही प्रेग्नेंसी जांच किट से एक निश्चित समय से पहले गर्भधारण से बचा जा सकेगा। मौके पर बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार समेत आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



# सीएचसी मशरक में एक्स-रे मशीन खराब, मरीज परेशान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में आए दिन एक्सरे मशीन खराब होने से मरीजों को एक्सरे मशीन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को एक्स-रे करवाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब महीने दिन से एक्सरे मशीन खराब पड़ी है जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं हो सकी है प्रखंड के अधिकतर गांवों से लोग बेहतर चिकित्सा उपचार के लिए पहुंचते हैं लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है की बताते चले कि बार-बार एक्स-रे मशीन खराब होने से गरीब मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है वही दूर-दराज से आने वाले मरीज को निराश लौटना पड़ता है जिससे लोगों को निजी जांच केंद्र पर जांच करवाने को मजबूर होते हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द एक्स-रे मशीन मरम्मत कराने की मांग की हैं।



# उत्तर बिहार के गंगा समग्र के सह संयोजक व मुखिया संघ अध्यक्ष ने की नर्मदेश्वर महादेव के कथा मंच का उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज/छपरा।** कोठियां-नरांव नरांव के नरांव टोला स्थित नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर परिसर मे चल रहे 1008 रुद्र महायज्ञ मे दिनों-दिन रौनक बढती जा रही हैं। कोठियां, धनौडा, नरांव,मुसेपुर, मौजमपुर,ष्मदनपुर,सत्तापुर, गोपालपुर,डुमरी, रुसुलपुर,छोटझौंवा,मुरौदपुर, झौंवा,बलुआ,संठा,कंसदिअर,जुअरा,मानुपुर,कसीना,हिम्तपुर,गोपालपुर,पंचपटिआ,देवरिया,महुआनी,पकवलिया-फुलवरिया,टिकुलियाटोला आदि गांवो के हजारो श्रद्धालुओ द्वारा नित्य यज्ञ मे अपनी श्रद्धा अर्पित की जा रही है।बच्चा से लेकर वृद्ध तक नर्मदेश्वर महादेव के सामने अपनी मन्त रख रहे हैं और यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर घर लौटते हैं।संध्याकाल मे वाराणसी का प्रख्यात भगवद् कथावाचक आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री के मुखारविन्द से कथा श्रवण करने के लिए एकत्र होते है और देर रात तक कथा श्रवण कर अपने दिनचर्या और सोंच मे परिवर्तन ला रहे हैं।

आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव की उत्पत्ति नर्मदा नदी से हुई है इनके उपर चढाया प्रसाद सभीं लोग ग्रहण करते हैं।अन्य शिव लिंग का प्रसाद सीर्फ शिवजी के पूजेरी को हीं ग्रहण करने का अधिकार है लेकिन नर्मदेश्वर महादेव का लिंग इसका अपवाद है।यज्ञ मे दूसरे प्रखंडो के भीं गणमान्य सदस्य उपस्थित हो रहे हैं।शुक्रवार को कथा मंच का उद्घाटन मुसेपुर पंचायत के मुखिया व सदर प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बबलु कुमार, चिरान्द विकास परिसद के सचिव एवं गंगा समग्र के उत्तर बिहार के सह संयोजक तथा दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार श्रीराम तिवारी , रासबिहारी बाबा मठ के मठाधीश महाबीर दास जी महाराज ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर की ।इसके पूर्व इन महोदयों ने कथा वाचक मंडली का माल्यार्पण व अभिवादन भीं किया।

# रेड क्रॉस सोसाइटी छपरा इकाई ने चलाया लू से बचाव के लिए जागरुकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सारण के द्वारा बढ़ती गर्मी और लू के मध्यनजर शहर में लू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।जिसका मुख्य उद्देश्य है की लू के दौरान लोग किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखें,जिससे उन्हें लू से परेशानी ना हो।रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सारण की जिला सचिव जीनत मसीह ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी एवम युवा इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा विभिन्न विद्यालयों एवं चौक चौराहों पर पंपलेट के माध्यम से लोगों के बीच में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।वही संस्था के अध्यक्ष एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर चंदेश्वर सिंह ने बताया कि लू लगने के लक्षण शरीर के तापमान बढ़ जाना,पानी की कमी होना,सिर दर्द,पसीना नहीं आना,शरीर में जलन आदि है जिसे हल्की सूती कपड़े से उपयोग करना, पेय पदार्थ का सेवन, गरिष्ठ भोजन का परहेज,पूरे शरीर को ढक कर इत्यादि के माध्यम से बचा जा सकता है। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के सदस्य डॉ0 हरेंद्र सिंह, गंगोत्री प्रसाद,सरोज कुमारी, शहज़ाद आलम, जितेंद्र महतो,अमन राज वही युवा रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य भूनेश्वर,राहुल,प्रणव,शुभम,इम्तियाज,खुशी आदि की भूमिका सराहनीय है।




# एकमा व रसूलपुर में आयोजित जनता दरबार में सीओ ने किया दो मामलों का निपटारा

**एकमा (सारण)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर क्षेत्र के भूमि विवाद संबंधित मामलों को सुगम, सहज व निष्पक्ष तरीके से दोनों पक्षों की सहमति से निष्पादित करने के लिए शनिवार को एकमा व रसूलपुर थाना परिसर में अलग-अलग जनता दरबार का आयोजन अंचलाधिकारी राहुल शंकर की अध्यक्षता में किया गया।




इस दौरान एकमा व रसूलपुर थानों में भूमि एवं राजस्व से संबंधित कुल पांच मामले आए। जिनमें से एकमा सीओ राहुल शंकर के द्वारा जनता दरबार में भूमि संबंधित दो मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमति से करा दिया गया। इस अवसर पर सीओ श्री शंकर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को भूमि एवं राजस्व से संबंधित विवादों का शीघ्र, सहज एवं निष्पक्ष तरीके से निपटारा कराना मेरी प्राथमिकता है।इस मौके पर सीओ राहुल शंकर, एकमा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर उदय कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार, राजस्व कर्मचारी रुद्र कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# बीडीओ ने लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** प्रखंड कार्यालय स्थित अम्बेडकर भवन सभागार में बीडीओ दीपक कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक किया। जहां उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी सेक्टर पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।बीडीओ ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी आवंटित मतदान केंद्र का भ्रमण कर मूलभूत सुविधा की जांच कर दो दिनों के अंदर एएमएफ संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध करायें।प्रखंड के सभी पंचायत में जहां-जहां भी मतदान केंद्र है।वहां रैंप, बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय की उपलब्धता आवश्यक रूप से होना है।साथ ही इन आवश्यकताओं में कहीं कोई कमी या त्रुटि हो तो इसकी सूचना निश्चित रूप से प्रखंड कार्यालय को दें।उन्होंने कहा कि सभी की जिम्मेदारी है की चुनाव को लेकर मतदान केंद्र पर सभी तैयारी पूर्ण रहे।सेक्टर पदाधिकारी भेदय और क्रिटिकल मतदान केंद्र को चिह्नित करने के लिए क्षेत्र भ्रमण करेंगे। साथ ही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान जो नए मतदाता जुड़े हैं।उन सभी को ईपिक वितरण करने का कार्य सुनिश्चित करेंगे।इसी कड़ी में बीडीओ ने सेक्टर पदाधिकारियों से 80 से अधिक उम्र के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं की सूची दो दिन में तैयार करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि सभी सेक्टर पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में वैसे मतदान केंद्रों को चिह्नित कर खास नजर रखने को कहा गया है, जहां के मतदाताओं को प्रत्याशी विशेष के पक्ष में डराने- धमकाने की आशंका रहती है।मौके पर एमओ राणा रंजीत सिंह,नगर प्रबंधक नरोत्तम कुमार,पीओ कर्ण कुमार,श्रम पदाधिकारी अशोक कुमार, बीसीओ दयानन्द प्रसाद,जेई राहुल कुमार,मधुरेश कुमार,रामेंद्र प्रसाद सिंह सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी मौजूद थे।



# पूर्व विधायक रंधीर सिंह ने राजद छोड़ी, जदयू करेगें ज्वॉइन

छपरा। महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के बेटे पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने राजद से नाता तोड़ लिया है उन्होंने राजद की राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अपना त्यागपत्र भेज कर प्रेस सम्मेलन कर खुद को राजद से खुद को अलग करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि राजद में नीति और सिद्धांत नहीं है और समर्पित कार्यकर्ताओं की पूछ नहीं है टिकट कटने स से नाराज रणधीर ने कहा कि लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी को जीतने के लिए एक खास जाति के लोगों को खुश करने के लिए महाराजगंज का टिकट कटा। इसका जवाब महाराजगंज की जनता दे देगी उन्होंने कहा कि प्रमंडल में राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन को हराने के लिए काम करेंगे और 14 तारीख को जदयू पार्टी कार्यालय में जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। रणधीर के इस फैसले से सारण में राजनीतिक भूचाल मचा हुआ है।



## पार्टी का बैनर फाड़ने, मारपीट के आरोप में एक की गिरफ्तारी

**मढ़ौरा(सारण)।** गौरा थाना क्षेत्र के गौरा बावन में शुक्रवार को कुछ लोगों ने बीजेपी के एक चुनाव प्रचार गाड़ी को रोक कर उसपर लगे बैनर को क्षतिग्रस्त कर दिया था । वही गाड़ी पर सवार एक एकवनवा, बरहरा जिला भोजपुर निवासी राजेश सिंह के साथ मारपीट की गई थी। मामले को लेकर पीड़ित ने गौरा थाना में एक प्राथमिक की दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गौरा पुलिस ने करवाई कर की है। घटना में संलिप्त एक अभियुक्त की पहचान कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम गौरा बावन निवासी चंद्रमा राय का 35 वर्षीय पुत्र मनन राय बताया गया है।

# स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , दर्शन नगर, छपरा में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ एवं छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा0 ओंम कार नाथ , डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह एवं डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । इस आयोजन में आगत अतिथियों का परिचय वरिष्ठ आचार्य सचिंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ द्वारा आगत अतिथियों का सम्मान पौधा देकर किया ।शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा भैया बहनों को वर्तमान समय में होने वाला विभिन्न बीमारियों की जानकारी दी गई। इन बीमारियों से बचने के विभिन्न ट्रिप्स भी बताया गया। भैया- बहनों को बताया गया कि वर्तमान समय में आप अपने शरीर को डिहाइड्रेशन नहीं होने दे ।अधिक से अधिक पानी एवं छाछ का सेवन करें ।जंक कोल्ड पेय का त्याग करें ।सुपाच्य खाना खाएं। वर्तमान समय में खीरा,तरबूज, खरबूज ककरी इत्यादि जैसे फलों का सेवन करें। धूप में निकलने से बचे आवश्यक हो तो टोपी , छा ता का प्रयोग करें ।कार्यक्रम के दौरान भैया - बहन उत्सुक होकर चिकित्सकों से अपने आप को बचाव के प्रति विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी करते देखे गए ।इस कार्यक्रम का समापन अनिल कुमार आजाद के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी भैया - बहन एवं आचार्य- बंधु - भागनी उपस्थित थे।



## युवक ने पत्नी के अपहरण दर्ज कराई प्राथमिकी

**मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के नौतन मठिया में एक युवक की पत्नी अचानक फरार हो गयी। इस संबंध में पीड़ित युवक के लिखित आवेदन पर पुलिस ने नौतन के दो लोगों पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज किया है। प्राथमिकी में कहा है कि नौतन निवासी मंसूर आलम व रुकसाना खातुन ने मिलकर उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया मामला प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतित होता है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# दहेज में रुपये और सोने की अंगूठी के लिए ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप

मढ़ौरा(सारण)।दहेज में रुपये और सोने की अंगूठी के लिए ससुराल वालों पर गाली गलौज करने और जान मारने की धमकी का आरोप महिला ने लगाया है। थाना क्षेत्र के सेमरहिया निवासी राजकुमार महतो की पत्नी 26 वर्षीया सुनीता देवी ने इस आशय से संबंधित एक आवेदन पत्र थानाध्यक्ष को देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष को दिये गये आवेदन में सुनीता देवी ने कहा है कि उनकी शादी पांच वर्ष पूर्व सेमरहिया निवासी राजकुमार महतों से हुई, उन्हें तीन वर्ष की एक बच्ची भी है। शादी के बाद से ससुराल वाले रुपये और सोने की अंगूठी के लिए बराबर प्रताड़ित करते थे। उसका मेरा पति बाहर रहता है, 2 म?ई को उसकी सास, ननद, देवर और देवरानी उसके घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे और मारपीट पर उतारू हो गये। उसका पति भी उसे फोन कर घर छोड़कर चले जाने की धमकी दे रहा है।

# डॉ रोहिणी आचार्य का परसा क्षेत्र के फतेहपुर गांव में मुखिया मीरा देवी के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)सारण लोकसभा सीट से महागठबंधन की प्रत्याशी डॉक्टर रोहिणी आचार्या ने शनिवार को परसा हाई स्कूल चौक से रोड शो कार्यक्रम का शुरुआत किया व लोगों से जन समर्थन मांगा।इस दौरान चेतन परसा,फतेहपुर,अंजनी,सिकटी, फुटानी बाजार,मुजौना,बनौता,विशुनपुर,ब्रह्मपुर,गोरिगवा,अन्याय,बलहा बाजार,बंदी छपरा,बहलोलपुर, होते लतरहिया आदि गांवों का दौरा कर लोगो से वोट देकर जिताने की अपील की।वही फतेहपुर गांव पहुंचने के साथ ही विधायक छोटेलाल राय व मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय नेतृत्व में जुटे सैकड़ों महिला पुरूष कार्यकर्ताओं ने सड़क पर दोनों तरफ जेसीबी से फूलों की बारिश की व भव्य स्वागत किया।इस दौरान मुखिया मीरा देवी ने राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य को अंग वस्त्र,फूल माला व बुके देकर सम्मानित किया।समर्थकों का हुजूम ढोल- नगाड़ों को बजाते हुए राजद के राष्ट्रीय नेता लालू यादव,राबड़ी देवी,तेजस्वी के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की।स्थानीय पुलिस मुस्तैद थी और रोहिणी आचार्या गाड़ी से बाहर आकर लोगों का अभिवादन कर रहीं थी।रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं में ख़ासकर युवा युवतियों व महिला कार्यकर्ता मिलने को बेताब दिखे।इस दौरान जिलापार्षद विनोद राय,प्रीति कुमारी,संध्या राय,पूर्व जिला पार्षद नंद किशोर राय, प्रो. शिवकुमार प्रसाद राय,प्रभात दुबे,भूषण राय,मुखिया मीरा देवी,सुनील राय,नवल गोप,देवीलाल राय, कृष्णा राय,अखिलेश यादव,मुखिया अभय कुमार उर्फ गुड्डू राय,राम अयोध्या राय,राकेश राय,शशि राय,कुमार अशोक,डॉ अलमुदिन,आलोक राय, सुरेंद्र राय,अखिलेश राय,पूर्व मुखिया विजय राय,शैलेंद्र राय,दरियापुर प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय,सुरेंद्र राय,कमलेश राय,सरपंच भागवत राय,उपसरपंच रमेश राय,रवि प्रकाश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# टीबी मुक्त अभियान -दो दिवसीय दौरे पर आई डब्ल्यूजेसीएफ दिल्ली की टीम, पोर्टेबल एक्स- रे मशीन से हो रही जांच का लिया जायजा

### केंद्रीय टीम ने इसुआपुर और अमनौर में चल रहे स्वास्थ्य जांच शिविर का किया भ्रमण



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों में चल रहें स्वास्थ्य शिविर में टीबी मरीजों की पोर्टेबल एक्स- रे मशीन से हो रही जांच का निरीक्षण करने के लिए राज्य स्तरीय वर्ल्ड विजन इंडिया और चाय की टीम दो दिवसीय दौरे पर है। इस टीम में विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन (डब्ल्यूजेसीएफ) दिल्ली की ओर से अहेली बासु और राज्य प्रतिनिधि अमरजीत प्रभाकर, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी,

वर्ल्ड विजन इंडिया के जिला प्रतिनिधि रणधीर कुमार, जिला पर्यवेक्षक पंकज कुमार सिन्हा, सामुदायिक उत्प्रेरक फहीम और सुनील, एक्सरे ऑपरेटर आयुष्मान शामिल थे। जबकि अमनौर के कटसा स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर एमओआईसी डॉ नवेंदु कुमार, बीएचएम सुशील कुमार गौतम, बीसीएम दीपक कुमार, एसटीएस अनिता गोस्वामी, सीएचओ शारदा कुमारी, वहीं इसुआपुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सहवा में एसटीएस वेंकटेश कुमार और सीएचओ राहुल कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी शामिल है।

**टीबी बीमारी से संबंधित मरीजों की खोज में अल्ट्रा पोर्टेबल डिजिटल एक्स- रे मशीन काफी मददगार :** संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि टीबी बीमारी से बचाव के लिए हम सभी को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, लेकिन जब किसी को टीबी के लक्षण होने का अनुमान लगे तो जल्द ही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपने बलगम की जांच के साथ ही एक्स-रे कराना चाहिए। हालांकि इसके साथ ही चिकित्सकों द्वारा पुष्टि करने के बाद सावधानी पूर्वक अपने कार्यों को निबटाना होगा। अपने घरों में साफ-सफाई के साथ ही बीमार व्यक्ति अपने मुंह पर रुमाल लगाकर रहने की जरूरत होती है। जिले के सभी प्रखंडो में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर अल्ट्रा पोर्टेबल डिजिटल एक्स- रे मशीन से टीबी बीमारी से संबंधित मरीजों की खोज करने में काफी सहूलियत हो रही है। क्योंकि इससे बहुत ही कम समय में टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है। ताकि टीबी मरीजों का समय पर पहचान एवं इलाज कर इसके प्रसार को आसानी से खत्म किया जा सकें।

### ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सामुदायिक स्तर पर जनांदोलन के रूप में कार्य करने की जरूरत

डब्ल्यूजेसीएफ के राज्य प्रमुख अमरजीत प्रभाकर ने कहा कि लगभग एक महीने से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर टीबी जांच कराई जा रही है। हालांकि उसके पहले टीम द्वारा संबंधित क्षेत्र में एक दिन पहले डोर टू डोर भ्रमण कर लोगो को जागरूक किया जाता है। ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों की जांच करवाई जा सके। टीबी की पहचान लक्षण आने के समय हो जाने के बाद हम सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एक साथ कार्य करने की जरूरत है। क्योंकि ऐसा देखा जाता है कि टीबी रोगियों में लक्षण आने के बाद उनके रोग की पहचान होती है। ऐसे में उनमें रोग की संभावना प्रबल तो होती ही है, साथ ही संक्रमण का प्रसार भी हो चुका होता है। इसलिए जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सामुदायिक स्तर पर जनांदोलन के रूप में कार्य करना होगा।केंद्रीय टीम ने इसुआपुर और अमनौर में चल रहे स्वास्थ्य जांच शिविर का किया भ्रमण- जिला प्रतिनिधि वर्ल्ड विजन इंडिया के जिला प्रतिनिधि रणधीर कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में केंद्रीय टीम के साथ ही राज्य की टीम के द्वारा पहले दिन सारण जिले के इसुआपुर प्रखंड अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सहवा और दूसरे दिन अमनौर प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कटसा के ग्रामीणों का पोर्टेबल एक्स- रे मशीन से टीबी रोगियों की जांच का जायजा लिया गया है। क्योंकि बेहद कम समय में आसानी से एक दिन में सैकड़ों लोगों की जांच की जा रही है। जिससे टीबी मरीजों की खोज आसानी से हो रही है। स्थानीय स्तर पर सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओ का भरपूर सहयोग मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग और टीबी मुक्त अभियान में सहयोगी संस्था के रूप में कार्य करने वाली वर्ल्ड विज़न इंडिया संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर टीबी के संदिग्ध मरीजों का स्क्रीनिंग के साथ ही अल्ट्रा पोर्टेबल डिजटल एक्सरे मशीन से किया जा रहा है।

## ट्रेन से गिर यात्री घायल

**दारौंदा (सिवान)** -पूर्वोत्तर रेलवे के दारौंदा जंक्शन पर शनिवार को अप जनसेवा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 14617) से गिरने से एक यात्री घायल हो गया। घायल यात्री की पहचान वैशाली के चक सिकंदर निवासी अर्जुन राय के पुत्र अनिल राय के रूप में हुई। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने युवक घायल

**भगवानपुर हाट (सिवान)** -गोपालगंज थाना क्षेत्र के ब्रजकिशोर हाल्ट के समीप शनिवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से थाना क्षेत्र ब्रह्मस्थान निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सुदामा द्विवेदी के पुत्र अभय कुमार द्विवेदी उर्फ छोटू कुमार घायल हो गए। उनका इलाज स्थानीय लोगों द्वारा एक निजी क्लिनिक में कराया गया। बताया जाता है कि अभय कुमार अपने ससुराल जा रहे थे तभी यह घटना हुई।

## खेत में लगे इंगल चोरी करते युवक धराया

**हसनपुरा (सिवान)** - एमएच नगर थाना क्षेत्र के अरंडा निवासी महेश कुमार ने थाना में आवेदन देकर बताया कि मेरे खेत में मनरेगा के तहत पेड़ लगाया गया था, जिसकी घेराबंदी लोहे के इंगल से की गई थी। तीन मई को कुछ लोगों द्वारा चोरी की जा रही थी। मेरे द्वारा शोर मचाने पर उसमें से एक व्यक्ति को पकड़ थाना को सुपुर्द कर दिया गया। आवेदन में बताया कि इंगल की चोरी पिछले छह-सात दिनों से की जा रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घर में घुस मारपीट करने का आरोप

**हसनपुरा (सिवान)** -एमएच नगर थाना क्षेत्र के पुरैना निवासी विदेशी यादव के पुत्र रुदल यादव ने थाना में आवेदन देकर अपने भाई किशुन यादव पर घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया है कि शनिवार की सुबह घर में सोया हुआ था तभी मेरे भाई किशुन यादव परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस दौरान मुझे बचाने आई पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

## मारपीट कर किया घायल

**हसनपुरा(सिवान)** -एमएच नगर थाना क्षेत्र के तेलकथू निवासी राजेश यादव की पत्नी रीता देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही शंभू यादव व हृदया यादव पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## बीईओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**महाराजगंज (सिवान)** - बीईओ राजकिशोर उपाध्याय ने शनिवार को विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान मिशन दक्ष में उपस्थित छात्र- छात्राओं की संख्या, शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों को शिक्षा संबंधित कई दिशा निर्देश दिए।

## गर्मी से लोग परेशान

**बसंतपुर (सिवान)** - सूर्य की तपिश व गर्मी से आमलोगों को जीना मुश्किल हो गया है। गर्मी से बूढ़े-बच्चे एवं महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घर में लगे पंखें भी गर्मी के कारण गर्म हवा देने लगे हैं। वहीं कुछ लोग घर के बाहर पेड़ के नीचे समय बीता रहे हैं। सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक सड़क व बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा है। गर्मी से दैनिक कार्य करने वालों पर काफी प्रभाव पड़ रहा है।

## चंवर में आग लगने से मची अफरातफरी

**आंदर (सिवान)**-थाना क्षेत्र के सलाहपुर गांव स्थित चंवर में शनिवार को अचानक आग लग गई। इससे दर्जनों हरे पेड़, खेत में रखे गेहूं की फसल, भुसा आदि जलकर राख हो गई। इस घटना के दौरान गांव में अफरातफरी का माहौल रहा। तेज पछुआ हवा होने के कारण ग्रामीण आग की लपट तेज थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। कुछ देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाई।

## मारपीट की प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** -थाना क्षेत्र के पिपरहियां निवासी रजनीश कुमार ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही अभिषेक कुमार पर मारपीट का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मारपीट में छह घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** -थाना क्षेत्र के खवासपुर गांव में शनिवार को आपसी विवाद को ले हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में सुरेंद्र साह, कलावती देवी, हरेकृष्ण साह, चंदन कुमार, मुना देवी, पूजा कुमारी आदि शामिल हैं।

## विद्यालयों में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**दारौंदा (सिवान)** -प्रखंड के विद्यालयों में स्वीप कोषांग के तहत शनिवार को लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यालयों में बच्चों द्वारा मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग, निबंध लेखन, भाषण आदि गतिविधियों के माध्यम से 25 मई को होने वाले मतदान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम माध्यमिक विद्यालय पकवलिया, माध्यमिक विद्यालय जलालपुर कचहरी, माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर नंदा टोला, माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला, माध्यमिक विद्यालय बालबंगरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर, माध्यमिक विद्यालय दारौंदा आदि विद्यालयों में आयोजित किया गया। इस मौके पर आसपास के ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाया गया।

# बहेरवा में इलेक्ट्रॉनिक व दवा की दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

- शुक्रवार की देर रात शार्ट-सर्किट के कारण हुई घटना
- काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू



**पंचदेवरी(गोपालगंज)।** प्रखंड क्षेत्र के बहेरवा बाजार में शुक्रवार की देर रात एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लग गयी. दूसरे पार्ट में दवा की दुकान थी, उसमें भी आग पकड़ ली. अगलगी की घटना में दवाओं के साथ-साथ सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गये. व्यवसायी पवन कुमार मिश्र को लाखों का नुकसान हुआ है. शार्ट-सर्किट से आग लगने की सूचना है. बताया जाता है कि बहेरवा गांव निवासी पवन कुमार मिश्र की बहेरवा बाजार में इलेक्ट्रॉनिक व दवा की दुकान है. दोनों दुकानें एक दूसरे से सटी हुई हैं. शुक्रवार की शाम पवन मिश्र रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर घर चले गये. रात में करीब 10-30 बजे शार्ट-सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में अचानक आग लग गयी. धुंआ निकलते देख आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना व्यवसायी को दी. पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गयी. कुछ ही देर में घटना स्थल पर काफी संख्या में लोग पहुंच गये, लेकिन दुकानों से सामान नहीं निकाले जा सके. दोनों दुकानों को आग अपने चपेट में ले चुकी थी. मोबाइल, डीजे सेट, इन्वर्टर, बैट्री समेत लाखों के इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गये. दवा दुकान में भी काफी क्षति हुई. देर रात तक काफी मशक्कत करने के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया. पीड़ित व्यवसायी द्वारा इसकी सूचना अंचल कार्यालय को भी दी गयी है।

# पीएम श्री योजना के तहत चयनित होंगे विद्यालय

**दारौंदा (सिवान)** -पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों को स्मार्ट शिक्षा, नवीनतम तकनीक आधुनिक ढांचा होगा। इस संबंध में बीपीएम सुवेंदु कुमार ने बताया कि पीएम श्री स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों की झलक होगी। इसके लिए तृतीय चरण में पीएम श्री विद्यालयों के चयन के लिए जिला स्तर पर 25 मई 2024 की अवधि में आनलाइन चैलेंज पोर्टल पर विद्यालय के लिए आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। चयन आवेदन के माध्यम से ही होगा। विद्यालयों की पात्रता का आधार यू-डायस%%%% पर उपलब्ध आंकड़े होंगे। आवेदन के पश्चात बेंच मार्क विद्यालयों का सत्यापन जिला स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा, इन स्कूलों में प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई होगी। इसके अलावा इनमें अत्याधुनिक लैब स्थापित किए जाएंगे जिससे विद्यार्थी किताबों के अलावा प्रैक्टिस से भी सीख सकेंगे। प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों के लिए खेल पर फोकस किया जाएगा ताकि उनका शारीरिक विकास हो सके। बीईओ शिवजी महतो ने बताया कि यह योजना पीएम श्री स्कूलों को आधुनिक जरूरतों के हिसाब से अपग्रेड करेगी जिससे बच्चों की आधुनिक जरूरतें पूरी होंगी और वह एक अच्छे माहौल में शिक्षा को ग्रहण कर सकेंगे।

दारौंदा से 24 विद्यालयों की सूची भेजी गई है इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या अभुई, नया प्राथमिक विद्यालय बसवरिया टोला, प्राथमिक विद्यालय भाऊ छपरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोधा छपरा, माध्यमिक विद्यालय बालबंगरा, माध्यमिक विद्यालय पकवलिया, माध्यमिक विद्यालय सवान विग्रह, मध्य विद्यालय हड़सर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमोपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमसापुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेरही, मध्य विद्यालय भीखाबांध, मध्य विद्यालय उजांय, माध्यमिक विद्यालय कौथुआ सारंगपुर, मध्य विद्यालय हड़सर पूर्वी, प्राथमिक विद्यालय झझवां, प्राथमिक विद्यालय कटवार, सहित 24 विद्यालय शामिल हैं।

# गुठनी का लाल बना वायु सेना का फ्लाइंग आफिसर, स्वजनों में खुशी

**गुठनी (सिवान)** - गुठनी बाजार निवासी बृजभान सिंह के पुत्र अंकेश कुमार सिंह का चयन वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर होने से स्वजनों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार अंकेश कुमार सिंह ने आल इंडिया में 78 वां रैंक हासिल किया है। स्वजनों ने बताया कि अंकेश आरंभ से काफी मेहनती था। वह गुठनी स्थित मार्डन मिशन पब्लिक स्कूल से मैट्रिक तथा गुठनी स्थित आदर्श विकास विद्यालय से इंटर की शिक्षा ग्रहण की थी। इसके बाद उसने 2016 में जेई की परीक्षा तथा 2020 में बीटेक पासआउट करने के बाद वायु सेना की तैयारी में लग गया था। उसने वायु सेना की पांच अगस्त, 2023 को परीक्षा दी थी जिसका रिजल्ट दो मई को आया। फ्लाइंग आफिसर में चयन होने की सूचना मिलते ही स्वजन एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने अंकेश को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि अंकेश के पिता गोपालगंज के हथुआ थाना में एसआइ के पद पर कार्यरत हैं। अंकेश ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति सजगता व एकाग्रता के साथ कठिन परिश्रम की बदौलत ही सफलता मिलती है। अंकेश को बधाई देने वालों में राजेश कुमार राय, डा. मुकुल वर्मा, लक्ष्मण पांडेय, अमर शर्मा, समरजीत सिंह, ध्रुदेव यादव, प्रखंड प्रमुख विंध्यवासिनी नारायण सिंह, मुख्य पार्षद राजेश कुमार गुप्ता आदि शामिल थे। अंकेश दो बहन व दो भाई है। वह दो भाइयों में बड़ा है।

# चकरी सिद्धगुफा योगाआश्रम में पंच कुंडीय महायज्ञ आठ से, तैयारी अंतिम चरण में

**दरौली (सिवान)**- दरौली प्रखंड के चकरी स्थित सिद्ध गुफा योगाश्रम में नौ दिवसीय पंच कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है। इसको लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, सजावट आदि कार्य जोरों पर है। यह जानकारी देते हुए योगाश्रम के महंत रघुनाथ दास महाराज ने बताया कि इस महायज्ञ को ले आठ मई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। महायज्ञ में दूर-दूर से संत-महात्माओं का आगमन हो रहा है। इस यज्ञ में चित्रकूट के कामद गिरि पीठाधीश्वर स्वामी राम स्वरूपाचार्य महाराज द्वारा श्रीराम कथा का मंगलगायन किया जाएगा। वहीं मानस समीक्षा साध्वी अमृतानंदमयी, अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज श्रोताओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। वहीं मेरठ के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के महंत रामदास महाराज, अयोध्या, मथुरा, काशी, हरिद्वार से अनेक संत-महात्माओं का आगमन हो रहा है। महायज्ञ की पूर्णाहुति 16 मई को हवन पूजा व भंडारे के साथ की जाएगी। महायज्ञ को ले अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने यज्ञस्थल पहुंचकर महंत रघुनाथ दास महाराज से मुलाकात कर महायज्ञ की तैयारी पर विचार विमर्श किया। महंत ने बताया कि महायज्ञ में दूर दराज से आचार्य, कथावाचक व ब्राह्मणों का आगमन शुरू हो चुका है। इस मौके पर प्रतिदिन हवन पूजा के साथ प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित होगा।

### मतदाता चौपाल के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

**सिसवन (सिवान)** -जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार %चलो सजाएं मतदान केंद्र% कार्यक्रम के तहत प्रखंड में लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय टरेनवा व मध्य विद्यालय बड़की मठिया ग्यासपुर में शनिवार को बीडीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में मतदाता चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस क्रम में मतदान केंद्र के पोषक क्षेत्र में हर घर दस्तक देकर मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया गया व मतदान आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान जीविका दीदी एवं आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा रंगोली बनकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर बीसीओ रियाज अहमद, बीईओ चंद्रभान सिंह, बीपीएम जीविका संदीप सिंह , गोपाल प्रसाद, दीपक कुमार, सतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

## रंगोली बना मतदाताओं को किया गया जागरूक

**आंदर (सिवान)**-जिले में छठे चरण में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान बीडीओ कुणाल कुमार के निर्देश पर प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की देखरेख में शिक्षिका सुनीता कुमारी, सुदक्षिणा कुमारी, श्रुति राय, संध्या कुमारी, शोभा कुमारी ने रंगोली बना मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को वोट के महत्व को बताया गया तथा 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में योग्य प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही मतदान केंद्र पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस महोत्सव को मनाने की अपील की की गई। इस मौके पर लोगों को बताया गया कि एक-एक वोट कीमती है, इसके आप कभी बेकार नहीं जाने दें। 25 मई को अपने परिवार व आसपास के लोगों के साथ मतदान केंद्र पर पहुंच अपने मनचाहे प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर कृषि सलाहकार ओमप्रकाश राम, संतोष यादव, धर्मवीर सिंह, मनोज सिंह समेत काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थीं।

## कर्मियों ने बूथों को सजा मतदाताओं को किया जागरूक

**हुसैनगंज (सिवान)** -लोकसभा चुनाव को ले जिले में छठे चरण में 25 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। इसको लेकर प्रखंड में 58 स्थलों पर 127 मतदान केंद्र बनाया गया है। स्वीप कोषांग अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शनिवार को ÷सजायें अपना बूथ÷ अभियान के तहत प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार चौबे एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में जीविका सदस्य एवं अन्य बूथ स्तरीय कर्मियों द्वारा रंगोली बनाकर तथा नारा लिखकर मतदान केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं आम मतदाता को 25 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। इसके पश्चात जीविका सदस्यों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। इस अवसर सभी केंद्रों पर बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविका, आशा व प्रखंड कर्मी आदि शामिल थे।

# मोदी सरकार ने देश को बर्बाद किया है : अखिलेश

**महाराजगंज (सिवान)** -शहर स्थित एक मैरेज हाल में शनिवार को महागठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के शासन काल में देश को बर्बाद किया। इसने रोजगार न देकर बेरोजगार को बढ़ावा दिया है। यह सरकार पूंजीपतियों की है।उन्होंने कहा कि इस आम चुनाव में एनडीए को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। लाख ये लोग छटपटाएं, जीत महागठबंधन की होगी। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी तरह फेल है। उन्होंने कहा कि महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से छह मई को आकाश कुमार सिंह का नामांकन होगा। वहीं महागठबंधन (कांग्रेस) प्रत्याशी आकाश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जिस तरह समर्थन मिल रहा है उससे मेरी जीत हो चुकी है। सिर्फ औपचारिकता पूरी करनी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने 10 वर्षों तक सिर्फ झूठ बोलने का काम किया है। कहीं विकास नहीं हुआ है।

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. विधुशेखर पांडेय तथा संचालन राजद नेता अरविंद गुप्ता ने किया। बैठक को कांग्रेस नेता प्रदुम्न सिंह, राजद जिलाध्यक्ष विपिन कुशवाहा, पूर्व विधायक अनिल शर्मा, शिवधारी दुबे, मुन्ना शाही, यशवंत कुमार चमन, अतुल सिंह, भोला सिंह आदि ने संबोधित किया।